# तारा की पोस्ट पर वीर का कमेंट



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस और मॉडल तारा सुतारिया अपनी प्रोफेशनल कम और पर्सनल लाइफ को लेकर यादा सुर्खियों में बनीं रहती है. हाल ही में एक्ट्रेस आदर जैन संग अपने ब्रेकअप को लेकर खबरों थीं, वहीं अभी इस बात को कुछ महीने ही हुए थे, कि अब एक्ट्रेस एक्टर वीर पहाड़िया के प्यार में पड़ गई हैं और उन्होंने एक्टर संग अपना रिश्ता भी कंफर्म कर दिया है.

हाल ही में अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले एक्टर वीर पहाड़ियाअक्सर अपनी पढ़ाई, लाइफस्टाइल और नेटवर्थ को लेकर चर्चा में रहते हैं. वीर एक ऐसे परिवार से आते हैं, जिसका संबंध राजनीति और फिल्म इंडस्ट्री दोनों से हैं, जिसने उन्हें हमेशा लाइमलाइट में रखा है.

अक्षय कुमार के साथ बॉलीवुड डेब्यू करने के साथ ही उन्होंने अपनी अछी पहचान बना ली है.दरअसल एक दिन पहले तारा सुताारिया ने पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के साथ एक तस्वीर शेयर की हैं, जिस पर वीर पहाड़िया ने एक प्यारा सा कमेंट किया. तारा के लेटेस्ट पोस्ट पर वीर ने 'माय लव' लिखते हुए कमेंट किया, जिसके जवाब में तारा ने रिप्लाई देते हुए 'माइन' लिखा.

# दीपिका को अब मिला विद्या बालन का साथ



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के फिल्म स्पिरिट से हटाए जाने की खबरों ने फिल्म इंडस्ट्री में नई बहस छेड़ दी थी. इस पर रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि दीपिका ने मां बनने के बाद 8 घंटे की शिफ्ट करने की बात कही थी, जिसपर डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा नाराज हो गए थे और इसी के चलते उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया था.इन रिपोर्ट्स के सामने आने के बाद जहां कई लोगों का उन्हें साथ मिला तो बहुत से लोगों ने प्रोफेशन का हवाला देते हुए ये भी कहा था कि इसमें किसी के भी काम करने के घंटे पहले से ही निर्धारत नहीं किए जा सकते. अब अभिनेत्री विद्या बालन ने इस मामले पर अपना रिएक्शन दिया है.विद्या बालन ने इस मामले पर अपनी राय रखी और दीपिका का साथ दिया.

विद्या बालन का कहना है कि आज की दुनिया में हर सेक्टर महिलाओं को बनाए रखने के लिए फ्लेक्सिबल काम के घंटे अपना रहा है, तो फिर फिल्म इंडस्ट्री क्यों पीछे रहे? उन्होंने ये भी कहा कि एक मां को काम और परिवार के बीच संतुलन बनाने के लिए ये बेहद जरूरी है कि उसके लिए काम करने के घंटों में रियायत दी जाए.हालांकि विद्या खुद अभी मां नहीं बनी हैं, लेकिन वो मानती हैं कि ये मांग एकदम जायज है. उनका कहना है कि वो खुद 12 घंटे की शिफ्ट में काम करने को तैयार रहती हैं, क्योंकि उनके पास अभी कोई पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं है. लेकिन उन्होंने साफ कहा कि हर महिला की परिस्थिति अलग होती है और खासतौर पर मां बनने के बाद महिला के शरीर और मानसिकता में जो बदलाव आते हैं, उन्हें समझा जाना चाहिए. इस बहस में विक्रांत मैसी भी शामिल हुए थे.

# जल्द मां बनने वाली हैं मालविका

**जल्द** ही फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में छोटी पूजा (पूह) का किरदार निभाने वाली मालविका राज मां बनने वाली है. इस साल मई महीने में उन्होंने प्रेग्नेंसी से जुड़ी न्यूज फैंस के साथ साझा की थी. आज यानी सोमवार मालविका ने अपने इंस्टाग्राम पर बेबी शॉवर (एक तरह की गोद भराई की रस्म या प्रोग्राम) से जुड़ी कुछ तस्वीरें साझा की हैं.

अपने पति प्रणव बग्गा के साथ बेबी शॉवर की तस्वीरें मालविका ने शेयर की हैं. बेबी शॉवर की थीम मैरी पॉपिंस (हॉलीवुड फिल्म ) पर रखी. चारों तरफ तस्वीरों में फूल नजर आ रहे हैं. मालविका ने भी एक मिनी ड्रेस पहनी है, जिसमें उनका बेबी बंप नजर आ रहा है. मालविका के बेबी शॉवर में उनके दोस्त और परिवार वाले भी शामिल हुए. मालविका ने भी एक कैप्शन अपनी तस्वीरों के साथ लिखा है, 'हमने मैरी पॉपिंस थीम पर बेबी शॉवर रखा. हवा में जादू था मेरी ड्रेस पर चमक थी और हर तरफ प्यार बरस रहा था.' मालविका ने जब इंस्टाग्राम पर अपने बेबी शॉवर इवेंट की तस्वीरें शेयर की हैं तो फैंस, करीबी लोगों और सेलिब्रिटीज ने उन्हें विश किया. पूजा बत्रा ने भी मालविका को मां बनने की बधाई दी. अनीता राज ने तो मालविका की नजर ही कमेंट सेक्शन में उतर ली. कभी खुशी कभी गम(2001) ' में छोटी पूजा (पूह) के तौर जब मालविका ने अभिनय किया था, तो वह चाइल्ड आर्टिस्ट थीं. फिल्म में मालविका ने काजोल और शाहरुख खान के साथ एक्टिंग की थी. काजोल की छोटी बहन के रोल में वह दिखीं, इस किरदार को फिल्म में आगे चलकर करीना कपूर ने निभाया.



# 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई सैयारा



**यशराज** फिल्मस (वाईआरएफ) के बैनर तले बनी फिल्म 'सैयारा' ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है.

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी निर्मित सैयारा,18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुयी है. इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं. फिल्म सैयारा बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है.सैयारा को क्रिटिक्स के साथ-साथ स्टार्स के भी शानदार रिव्यू मिल रहे हैं.

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सैयारा ने पहले दिन भारतीय बाजार में 21 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की.वहीं, दूसरे दिन फिल्म ने 25 करोड़,तीसरे दिन 37.75 करोड़ रूपये का कारोबार किया है. अब सैयारा के चौथे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है. सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म सितारे सैयारा ने चौथे दिन 22.5 करोड़ रूपये की कमाई की है. इस तरह फिल्म सैयारा ने भारतीय बाजार में 105 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है.

# 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर होगा रिलीज



**यशराज** फिल्म्स (वाईआरएफ) का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होगा.

अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी आदित्य चोपड़ा निर्मित फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है. इस साल ऋतिक रोशन और एनटीआर, दोनों ही अपने फिल्मी करियर के 25 साल पूरे कर रहे हैं और वाईआरएफ इस खास पल को 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज कर सेलिब्रेट करने जा रहा है.

वाईआरएफ ने आज वॉर 2 के ट्रेलर लॉन्च की घोषणा करते हुए एक स्पेशल पोस्ट शेयर किया जिसमें लिखा गया है, 2025 में, भारतीय सिनेमा के दो आइकॉन्स अपने शानदार करियर के 25 साल पूरे करते हैं. इस एक बार मिलने वाले अवसर को सेलिब्रेट करने के लिए वाईआरएफ ने 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर लॉन्च करने का फैसला लिया है! तैयार हो जाइए टाइटन्स के सबसे बड़े महाकाव्य टकराव के लिए!! अपने कैलेंडर मार्क कर लीजिए.

फिल्म वॉर 2 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## रोमांस करते नजर आए आलिया-रणबीर



**बॉलीवुड** की सबसे प्यारी जोड़ियों में से एक आलिया भट्ट और रणबीर कपूर एक बार फिर से अपने फैंस का दिल जीत रहे हैं. इस बार वजह है आलिया द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया एक बेहद प्यारा वीडियो, जिसमें वे लंदन की खूबसूरत गलियों और लोकेशन्स पर रणबीर के साथ 'ट्विर्ल' करती नजर आ रही हैं. इस वीडियो को देख फैंस जमकर रिएक्ट कर रहे हैं और इस जोड़ी की कैमिस्ट्री की तारीफें कर रहे हैं.आलिया और रणबीर कपूर के इस वीडियो के बैकग्राउंड पर एक रोमांटिक सॉन्ग 'दिल मेरे' भी सुनाई दिया है. इस गाने से आलिया और रणबीर कपूर के रोमांस में बॉलीवुड तड़का भी लग गया है. अक्सर ही अपने काम से छुट्टी लेकर आलिया और रणबीर कपूर अपनी बेटी राहा के साथ वेकेशन पर चले जाते हैं. वेकेशन की तस्वीरें, वीडियो आलिया ही सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं. हाल ही में रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ. इस फिल्म में वह भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे. इस फिल्म के अलावा वह संजय लीला भंसाली की एक फिल्म 'लव एंड वॉर' भी कर रहे हैं. इसमें आलिया भट्ट भी साथ नजर आएंगी. आलिया भट्ट रणबीर कपूर के साथ संजय लीला भंसाली की फिल्म कर रही हैं. साथ ही वह एक वुमन सेंट्रिक फिल्म 'अल्फा' भी कर रही हैं.

## श्रेयस तलपड़े को हरियाणा मार्केटिंग घोटाला मामले में राहत

**उच्चतम** न्यायालय ने अभिनेता श्रेयस तलपड़े को एक सोसाइटी के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात के मामले में सोमवार को गिरफ्तारी से राहत प्रदान कर दी. न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने अभिनेता की ओर से दाखिल याचिका पर हरियाणा पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया.

हरियाणा के सोनीपत निवासी विपुल आंतिल की शिकायत पर अभिनेता एवं ब्रांड एंबेसडर तलपड़े तथा आलोक नाथ समेत 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. आंतिल ने आरोप लगाया कि दोनों अभिनेताओं ने ब्रांड एंबेसडर के तौर पर 'ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' का प्रचार किया.

सोनीपत के मुरथल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजीत सिंह ने बताया कि शिकायत एक विपणन कंपनी के खिलाफ की गई थी जिसकी जांच की जा रही है. दोनों अभिनेताओं के बारे में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा था, ''यह आरोप लगाया गया है कि उनके (अभिनेताओं) ब्रांड एंबेसडर होने के कारण



लोग निवेश के लिए आकर्षित हुए. शिकायत में उनका नाम लिखित में दिया गया है. प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनकी भूमिका की जांच की जाएगी.''



# हर सीजन में चुपचाप हमला करता है नकली बीज

**नकली** बीज इन दिनों किसानों के साथ ही साथ सरकार और अधिकारियों के लिए भी सिरदर्द बन गए हैं. भारत जो एक कृषि प्रधान देश है, वहां पर नकली बीज किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं. नकली बीजों की वजह से किसानों की पूरी मेहनत बेकार हो जाती है क्योंकि ये बीज उनकी पूरी फसल ही चौपट कर देते हैं. तेलंगाना, महाराष्ट्र मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश के कई ऐसे किसान पिछले दिनों सामने आए हैं जिन्हें नकली बीजों के चलते बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है. नकली बीज न केवल फसल को बर्बाद करते हैं, बल्कि किसान के सपनों, पूंजी और मेहनत को भी मिट्टी में मिला देते हैं. ऐसे में इनकी पहचान करना बेहद जरूरी हो जाता है.



**क्या होते हैं नकली बीज** - नकली बीज ऐसे बीज होते हैं जो किसी कंपनी या प्रमाणित स्त्रोत से नहीं आते उन्हें किसी गोदाम या फैक्ट्री में चोरी-छिपे तैयार किए जाते हैं. इन बीजों की क्वालिटी बेहद खराब होती है और जर्मिनेशन भी घटिया होता है. कुछ मामलों में तो पुराने या खराब स्टॉक को ही नई पैकेजिंग में बेच दिया जाता है. अगर कोई आपको नकली बीज बेचता है तो आप संबंधित कंपनी या डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं.


# गमले में आसानी से उगाएं लौंग



**घर** की रसोई में पाया जाने वाला लौंग काफी लोकप्रिय मसाला है. भारतीय घरों में लौंग का खूब इस्तेमाल किया जाता है. औषधीय गुणों से भरपूर लौंग खाने का स्वाद भी बढ़ाता है और कई बीमारियों से बचाव भी करता है. इसके फायदे को देखते हुए लगभग सभी लोग बाजार से लौंग खरीदकर इस्तेमाल करते हैं. हालांकि आप चाहें तो इसे घर में भी आसानी से उगा सकते हैं. बागवानी के शौकीन लोग सिंपल तरीका फॉलो करके इसे गमले में उगा सकते हैं. दरअसल, लौंग एक महंगा मसाला है और अगर इसे घर पर उगा लिया जाए तो क्या कहने. ये न सिर्फ आपकी बगिया को महकाएगा, बल्कि आपकी जेब का भी ध्यान रखेगा.

**गमले में कैसे उगाएं लौंग का पौधा?**- अगर आप गमले में लौंग उगाना चाहते हैं तो बाजार से सूखे लौंग को खरीद कर लाएं और उसे पानी में भिगो दें. फिर एक गमले में रेतीली-दोमट मिट्टी डाल दें, जिसमें 2 भाग रेत, 1 भाग मिट्टी और 1 भाग वर्मीकम्पोस्ट हो. लौंग के पौधे के लिए 6-8 इंच गहरा और चौड़ा गमला उपयुक्त होता है. गमले में मिट्टी डालने के बाद उसमें उस सूखे लौंग के बीज को लगा दें. इसके अलावा बीज को लगाने के बाद नियमित रूप से पानी देते रहें.

**लौंग उगाने की क्या है विधि?**- लौंग उगाने से पहले 4 से 5 लौंग को 24 घंटे के लिए पानी में भिगो दें. गमले में मिट्टी का मिश्रण भरें और उसे थोड़ा नम करें. फिर पानी में भिगे हुए लौंग को मिट्टी में 1 इंच गहराई तक बोएं. मिट्टी को थोड़ा नम करें और गमले को धूप वाली जगह पर रखें. लौंग के बीजों को अंकुरित होने में 2-3 सप्ताह लग सकते हैं. इस दौरान, मिट्टी को नम रखें. जब पौधे 3-4 इंच ऊंचे के हो जाएं, तो छंटनी करें और केवल सबसे मजबूत तने को रहने दें. हर 2-3 महीने में एक बार पौधे को जैविक खाद दें. इसके बाद लौंग का पौधा लगभग एक साल में फूल और फल देना शुरू कर देगा. पौधे की देखभाल की जरूरी बातें क्या हैं? लौंग के पौधे को धूप वाली जगह पर रखना चाहिए. वहीं, ये ध्यान देना चाहिए कि मिट्टी नम हो, लेकिन ज्यादा गीली नहीं क्योंकि ज्यादा गीला होने से पौधे मर सकते हैं. इसके अलावा पौधे को नियमित रूप से खाद देते रहें.



# बरसात में पशुओं को ना होने दें ये रोग

**बरसात** का मौसम किसानों के लिए फायदेमंद जरूर होता है, लेकिन पशुपालन के लिहाज से यह सबसे संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण होता है. इस मौसम में बढ़ी हुई नमी, कीचड़ और साफ-सफाई की कमी से मवेशियों में कई खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. खास बात यह है कि इन बीमारियों का असर केवल पशुओं की सेहत पर नहीं, बल्कि उनके दूध उत्पादन और प्रजनन क्षमता पर भी पड़ता है, जिससे पशुपालकों की आमदनी पर इसका सीधा असर दिखता है.

**लंगड़ा बुखार और उससे बचाव के उपाय**- पशुओं के लिए लंगड़ा बुखार एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है. ये बीमारी खासतौर पर गोवंश यानी गायों में देखी जाती है. बरसात के मौसम में यह बीमारी तेजी से फैलती है और समय पर इलाज न हो तो पशु की जान भी जा सकती है. इस बीमारी में पशु की पिछली या अगली टांगों में अचानक तेज सूजन आ जाती है. सूजन की वजह से वह लंगड़ाकर चलने लगते हैं या फिर पूरी तरह बैठ जाता है. इस बीमारी से बचने के लिए मवेशियों को हर साल लंगड़ा बुखार यानी ब्लैक क्वार्टर का टीका लगवाना जरूरी होता है. सरकार की तरफ से यह टीका मुफ्त में लगाया जाता है. अगर किसी पशु में यह बीमारी हो जाए तो प्रोकेन पेनिसिलिन नाम की दवा काफी असरदार होती है.

**मिल्क फीवर के लक्षण और बचाव का तरीका**- दुधारू पशुओं में मिल्क फीवर एक आम बीमारी है. ये ज्यादातर उन जानवरों में होती है जो बहुत अधिक दूध देती हैं. यह बीमारी आमतौर पर पशुओं के ब्यांत यानी ब्याने के बाद पहले कुछ दिनों में होती है. इस दौरान जानवर के शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है.इस बीमारी में पशु अचानक बहुत सुस्त हो जाता है और शरीर ठंडा पड़ने लगता है. इससे बचाव के लिए जरूरी है कि ब्याने के बाद पशु को कैल्शियम, फास्फोरस और मिनरल मिक्चर मिलाकर चारा दिया जाए. इसके अलावा, 10-15 दिनों तक पूरा दूध नहीं दुहना चाहिए ताकि शरीर पर ज्यादा दबाव न पड़े. इससे बचाव के लिए कैल्शियम बोरोग्लूकोनेट का इंजेक्शन नस या त्वचा के नीचे देना होता है.

## अब घर पर उगाएं ताजा और शुद्ध हरा धनिया

**खाने** के जायके और सुंदरता में चार चांद लगाने वाले हरे धनिया को अब घर पर भी गमले में उगाया जा सकता है. हरा धनिया हर मौसम में प्रयोग में लाया जाता है. इससे सब्जी का स्वाद तो बदलता ही है, सब्जी की सुंदरता भी बढ़ जाती है. कभी कभार किसी मौसम में धनिया बाजार में कम आता है तो ऐसे में हम आपको घर के किचन गार्डन में ही धनिया उगाने की सलाह दे रहे हैं. यहां पर आप हमारे द्वारा बताए गए टिप्स को अपना कर हरा धनिया घर पर ही उगा सकते हैं. इससे ताला व शुद्ध धनिया तो मिलेगा ही, बाजार से महंगा धनिया भी नहीं खरीदना पड़ेगा.

देश हो या फिर विदेश दुनिया के व्यंजनों का स्वाद और खुशबू के अलावा सुंदरता बढ़ाने का क्रेडिट हरा धनिया को ही जाता है. इसलिए तो भारत के प्रत्येक घर में साल भर तक हरा धनिया की डिमांड रहती है. यह अलग बात है कि कभी तो धनिया सब्जी के साथ फ्री मिलता था, उसे अब खरीदकर ही लाना पड़ता है. इसके अलावा बारिश और गर्मियों के दिनों में मंडी में आवक कम होने के कारण इसकी कीमत भी काफी अधिक हो जाती है. सब्जी के अलावा कई प्रकार के व्यंजनों और चटनी में इसका बहुत इस्तेमाल किया जाता है. इसलिए लोगों को महंगा धनिया भी खरीदना पड़ता है. ऐसे में अगर घर पर ही इसे उगाया जाए तो फ्री में शुद्ध व ताजा हरा धनिया मिलेगा.



**ग्रो बैग या गमले में लगा सकते हैं हरा धनिया** - कोई भी अपने घर पर ही धनिया उगा सकता है. ताजा और सुगंधित हरा धनिया खाने की चाह रखने वाले लोग अपने किचन गार्डन में हरा धनिया लगा सकते हैं. इसे ग्रो बैग या गमले में भी उगाया जा सकता है. इसको बीज की मदद से गमले में ही उगा सकते हैं.

### इस प्रकार लगा सकते हैं घर में हरा धनिया

गमले में धनिया उगाना बहुत की आसान व सरल है. इसके लिए आपको अपने घर की छत पर गमले, ग्रो बैग्स या कंटेनर्स का प्रयोग करना होगा. छत या बालकनी में रखे गमले या ग्रो बैग में भी इसे लगाया जा सकता है. एक बड़े साइज का गमला लेकर उसमें एक हिस्सा मिट्टी, एक हिस्सा बालू और एक हिस्सा वर्मी कंपोस्ट डालकर हरे धनिया के बीज को मसल कर दो टुकड़ों में कर लें. गमले में भरी हुई मिट्टी के ऊपर हरा धनिया के बीज बिखेर कर ऊपर से हल्की सी मिट्टी की परत डालकर सिंचाई करनी होगी. 15 से 20 दिन में धनिया उग जाएगा. यह 25 से 30 दिन में कटिंग के लिए भी तैयार हो जाता है.